सांवरे की चौखट | by Teena Modi Sharma

चौखट तुम्हारी है कितनी प्यारी
तुमने बदल दी किस्मत हमारी
दर्शन से जीवन संवर जाता है

सांवरे की चौखट पे मेरा इक खाता है
जो भी चाहा श्याम से मुझको वो मिल जाता है

जीवन की बीमा तुमसे कराई
साँसों की किश्तें पूरी भराई
परिवार सुख से चल पाता है
सांवरे की चौखट पे ----------

जो प्यार मैंने तुमसे किया है
वो व्याज के साथ तूने दिया है
मेरा असल यूँ बढ़ जाता है
सांवरे की चौखट पे ----------

तुम संगी जीवन के मंज़िल तुम्ही हो
हर पहलु मेरा हर पंथ तुम्ही हो
गुण तेरे बाबा सचिन गाता है
सांवरे की चौखट पे ----------

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%96%e0%a4%9f-by-teena-modi-sharma/